हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025




## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


### छुरिया ब्लॉक के गोड़लवाही में था मुख्यमंत्री का कार्यक्रम

# अंधड़-तूफान के कारण नहीं आ पाए सीएम, कार्यक्रम भी करना पड़ा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के छुरिया ब्लॉक अंतर्गत गोड़लवाही ग्राम में आयोजित कार्यक्रम तेज अंधड़ और तूफान की भेंट चढ़ गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचने वाले थे, लेकिन बारिश और अंधड़ की वजह से वे नहीं आ पाए। वहीं कार्यक्रम स्थल में तेज हवाओं से पंडाल एवं कुर्सिया प्रभावित होने की वजह से कार्यक्रम को ही रद्द करना पड़ गया। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के लिए की गई बाकी तैयारियां भी मौसम की वजह से प्रभावित हो गई। मौके पर मौजूद लोग भी बारिश से बचने के लिए इधर उधर शरण लेते दिखाई दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 9 जून को राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम गोड़लवाही के हाई स्कूल मैदान में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गैंदसिंह नायक की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम, 85वां स्थापना दिवस समारोह, अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज एवं विभिन्न शासकीय कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचने वाले थे। वे दोपहर 2.10 बजे पुलिस मुख्यालय हेलीपेड नवा रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे छुरिया विकासखंड के ग्राम गोड़लवाही पहुंचते। मुख्यमंत्री दोपहर 2.45 बजे से शाम 4 बजे तक कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 4.5 बजे ग्राम गोड़लवाही से हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर लौटने वाले थे, लेकिन सोमवार की दोपहर को हुई बारिश के बाद यह कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

### तीन को मधुमक्खी ने काटा भोजन भी हुआ खराब

कार्यक्रम स्थल में बारिश के दौरान ही मधुमक्खियों के काटने से तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दीपक रावटे, कुलेश्वर रावटे एवं सनत ब्योहारे को मधुमक्खियों ने अपना शिकार बनाया। इसके अलावा आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचने वाले लोगों के लिए भोजन की भी तैयारी की गई थी, परन्तु तेज बारिश की वजह से भोजन के स्थान में भी जलभराव हो गया था। वहीं भोजन भी बारिश से काफी प्रभावित हुआ।

### 25 हजार लोगों को होना था शामिल

गोडलवाही में आयोजित कार्यक्रम में हल्बा समाज के करीबन पचीस हजार लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए ही तैयारियां की गई थी। समाज के साथ ही प्रशासन ने भी बड़े पंडाल के साथ ही हजारों कुर्सियां एवं अन्य तैयारियां कर रखी थी, लेकिन बारिश की वजह से पूरा आयोजन ही प्रभावित हो गया। जिसके बाद आयोजन रद्द करना पड़ गया।

### होना था मूर्ति अनावरण

सीएम विष्णुदेव साय द्वारा गोड़लवाही पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गैंदसिंह नायक की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होना था। इसके अलावा कई शासकीय कार्यक्रम भी आयोजित थे। समाज के 85वां स्थापना दिवस समारोह में भी सीएम को शामिल होना था।

**अब ऐसा रहेगा मौसम** : विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 58 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल-तटीय उड़ीसा के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक बना हुआ है। प्रदेश में कल 10 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 11 जून से अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 12 जून से वर्षा का क्षेत्र बढ़ने की संभावना है। 15 जून के आसपास से व्यापक वर्षा संभावित है।

### घर के करीब आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे मासूम

# आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आकाशीय बिजली गिरने से अंबागढ़ चौकी नगर के समीपस्थ ग्राम मालडोंगरी में आज अलग-अलग परिवार के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में दोनों नाबालिग की घटनास्थल पर ही एक साथ मौत हो गई।



उल्लेखनीय कि दोपहर बाद लगभग 4 बजे के करीब बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मालडोंगरी गांव में सारिका कुंजाम पिता रामकुमार कुंजाम 13 वर्ष तथा संदीप नेताम पिता रुस्तम नेताम 14 वर्ष घर के करीब स्थित आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे। बारिश शुरू होते ही किसी तरह बच्चे संभल पाते, इसी वक्त अचानक उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हादसे के दौरान चार-पांच बच्चे आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे, तभी बिजली गिरने के साथ बारिश शुरू हुई। बिजली गिरने से जहां दो बच्चों की मौत हुई। वहीं मृतक संदीप का छोटा भाई भी मामूली रूप से इस हादसे में घायल हुआ है। दोनों बच्चों के माता-पिता किसानी रोजमर्रा की रोजी मजदूरी से जुड़े हुए हैं। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

### आकाशीय बिजली के साथ मूसलाधार बारिश

अंबागढ़ चौकी के मालडोंगरी गांव में दो नाबालिकों की मौत के खबर के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से मोहला माड़गिपिडिंग पुलिस लाइन के करीब पेड़ और बिजली पोल गिरने से रास्ता प्रभावित हो गया है।

### तत्काल लाए गए अस्पताल

घटना के बाद सारिका कुंजाम व संदीप नेताम को तत्काल घटनास्थल से उठाकर अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, परंतु तब तक दोनों दम तोड़ चुके थे।मालडोंगरी गांव में कुंजाम परिवार तथा नेताम परिवार के बच्चों के एक साथ हुए मौत के बाद परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट गया है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।

# गांजा तस्करी मामला: मध्य प्रदेश से खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया था। उक्त गांजा को जिसके लिए ले जाया जा रहा था, उस खरीददार आरोपी को पुलिस ने सागर मप्र से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर जिलेभर में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएनटीएफ, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल की टीम एवं थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम ने 30 मार्च को थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी कर बोलेरो पिकअप के ट्राली में सब्जियों के कैरेट के नीचे छिपाकर कुल 243.54 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 36,53,100 रुपए को बरामद किया था। परिवहन कर रहे आरोपी दिलावर अली एवं संतोष पाल को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) (।।) ग, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया।

**सागर से पकड़ाया आरोपी** : पुलिस के अनुसार प्रकरण में आगे कार्रवाई करते ओड़ीसा से खरीदकर परिवहन किए जा रहे जब्त गांजा के एक खरीदढार आरोपी काले बहादुर 34 वर्ष को सायबर सेल की टीम द्वारा सागर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है।


समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आथोर्डोटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
डिजिटल एक्स-रे
एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)



संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
सभी प्रकार के फ्रेक्चर
पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
कमर में टेढ़ापन
आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


### दुकान में चोरी के आरोपी पकड़े गए

**छुईखदान।** इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 मई को रात्रि में अनमोल गिफ्ट कार्नर एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान छुईखदान में ताला तोड़कर नगदी रुपए एवं एक होम थियेटर की चोरी हुई थी। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी रामसेवक वर्मा ने थाना छुईखदान में दर्ज कराया था। मामले में जांच करते आरोपी सूरज रजक उम्र 19 साल निवासी छुईखदान एवं एक अपचारी बालक से चोरी की होम थियेटर एवं नगदी रकम को जब्त किया गया है। मामले में धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत आरोपी सूरज रजक सहित एक अपचारी बालक को 8 जून को पकड़कर कार्रवाई की है।


अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE

दो कदम आगे
PowerTech
5310 57HP 42.7kW
GearPro
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक: 11 जून से 15 जून
समय: बुधवार से शनिवार (प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
स्पीच थेरेपी
Google Rating PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play App Store

अंबिकापुर
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

भिलाई
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

बिलासपुर
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

बैरन बाजार (रायपुर)
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

धमतरी
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

जगदलपुर
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

कोरबा
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

कचहरी चौक (रायपुर)
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

शंकर नगर (रायपुर)
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

सारंगढ़ डॉ अनूप अग्रवाल,माँ दुर्गा क्लिनिक,अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445)

श्रीनगर, (रायपुर) डॉ ओ पी लेखवानी,शुभम् हॉस्पिटल,संध्या पेट्रोल पम्प के पास , गुढ़ियारी रोड , श्रीनगर, रायपुर (492009)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडु | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप

### रिश्वत मांगने के आरोप में सीएमओ निलंबित

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लालबहादुर नगर के प्रथम सीएमओ वेनिष दुबे को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। ग्राम के युवा नोबेल साहू ने बताया कि गत 24 अप्रैल को ग्रामीणों ने तहसीलदार से शिकायत करते हुए बताया था कि सीएमओ वेनिष दुबे ने प्लेसमेंट सफाई कर्मियों से 25-25 हजार रुपए रिश्वत मांगा था। शिकायत के बाद एसडीएम एवं तहसीलदार ने सभी मजदूरों के बयान दर्ज कर प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा था। राज्य शासन ने 4 जून को मामले में सीएमओ दुबे को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने बताया कि इस आशय का आदेश 7 जून को मिला है।

### शिविर में बनाया आयुष्मान कार्ड

**सड़क अतरिया।** सोमवार को ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में शिविर लगा कर



लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया ताकि बीमारी होने पर इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिल सकें। सर्वर समस्या के कारण कुछ लोगों का कार्ड बनाने में दिक्कत हुई जिसे अब आगामी दिन बनाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य कर्मचारी देवानंद भगत, सचिव बिंदिया मानिकपुरी एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कृषि जागरुकता शिविर आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान किसानों को उपज बढ़ाने के लिए मिट्टी परीक्षण, बीज की गुणवत्ता, खाद, दवा आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को उन्नत तकनीक के खेती करने का तरीका बताया गया। सरकारी योजना का लाभ लेने प्रेरित किया गया। शिविर में कृषि अधिकारी सीके उईके, मोहित बजरंग, सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, भैरव सहित कृषक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### छात्रों की उपस्थिति के लिए किया संपर्क

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता



थंगेश्वर कुमार साहू ने ग्राम तिलईरवार, खम्हेरा, गाताटोला के पालको से विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभियान चलाकर संपर्क किया। आगामी 16 जून से विद्यालय प्रारंभ होने वाला है जिसे देखते पालकों से संपर्क कर बच्चों का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो बनवाकर रखने कहा। उन्होंने स्कूल यूनिफार्म, कॉपी, स्कूल बैग आदि की तैयार करने कहा।

### पशुक्रूरता का लंबित वारंट तामिल

**डोंगरगढ़।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा के निर्देश




पर एसडीओपी आशीष कुंजाम ने लंबित स्थायी वारंट तामिल करने हेतु थाना डोंगरगढ़, बागनदी, बोरतलाव, छुरिया, ओपी चिचोला, ओपी मोहारा में स्पेशल टीम गठित किया है। टीम ने गत 8 जून को अपराध क्रमांक 57/2007 धारा 4, 6 पशु क्रुरता अधिनियम के आरोपी जगरीश पिता हरदू कन्नोजिया साकिन चिचटोला, जो बीते 18 साल से फरार था का स्थाई वारंट तामिल किया।

### बी. कॉम अंतिम में भुनेश्वरी प्रथम

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम





83.05 प्रतिशत रहा। परीक्षा में 118 नियमित विद्यार्थियों शामिल हुए थे। प्रथम श्रेणी में 12, द्वितीय 79 एवं तृतीय श्रेणी में 7 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 13 को पूरक मिली एवं 7 विद्यार्थी फेल हुए। महाविद्यालय की भुनेश्वरी मानिकपुरी ने 70.55 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। टिनम कँवर 68.72 प्रतिशत के साथ द्वितीय, तृतीय स्थान पर तहुरा फ़रिदौस रही। प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने प्रथम तीन स्थान आने वाली छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, सहायक प्राध्यायक बेदप्रकाश साहू, पूर्वेश बांधव को बधाई दी है।

### जामसरार कला में दीप महायज्ञ



**डोंगरगांव।** ग्राम जामसरार कला में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्रामे ग्रामे एवं गृहे गृहे गायत्री यज्ञ योजना अंतर्गत जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा एवं नीलिमा सिन्हा ने ग्रामीणों के सहयोग से दीप महायज्ञ का आयोजन किया। दीप यज्ञ के दौरान नीलिमा सिन्हा ने भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जयप्रकाश सिन्हा ने गायत्री यज्ञ योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए संस्कार परंपरा का पुनर्जीवन, कर्म फल का सिद्धांत एवं गजेंद्र मोक्ष की कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने गायत्री मंत्र का नियमित जप करने ग्रामीणों को प्रेरित किया। शाम को दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से आहुति के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में कमला सिदार, सरस्वती साहू, छन्नू, भानू, अघनू, विनोद सार्वा एवं संजय ने

---

प्रधानमंत्री आवास का निर्माण हुआ आसान

# पहल : गरीबों को मिल रही सस्ते में रेत, चोरी पर भी लगा अंकुश

## जमा करना पड़ रहा 50 रुपए, भाड़ा भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण में रेत की लूट से जहां सरकार को चूना लग रहा है वही पर्यावरण को काफ़ी नुकसान पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित अन्य को मकान आदि के निर्माण के लिए रेत की बड़ी क़ीमत चुकाना पड़ रहा है। चहुओर लूट खसोट के बीच ब्लाक के एक सरपंच की पहल से गरीबों को मामूली क़ीमत पर रेत मिल रही है साथ ही चोरी पर भी काफ़ी हद तक अंकुश लगा है। रेत के निकलने से नदी में जल भराव की क्षमता में भी वृद्धि हो रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण को गति देने और हितग्राहियो को राहत पहुंचाने के लिए रेत के खनन और परिवहन की छूट दिया है। सरकार के आदेशानुसार हितग्राही ट्रेक्टर सहित अन्य छोटे वाहन से रेत का परिवहन कर सकते हैं। इस सरकारी छूट का खनिज माफिया जमकर फायदा उठा रहा है। आवास योजना की आड़ में रेत का खनन कर मनमाने दाम पर बेचा जा रहा है।



### हां फायदा हुआ

ग्राम की नरबद बाई पति मनबोधी लोहार ने बताया कि प्रधामंत्री आवास योजना के तहत उसका मकान बन गया है। निर्माण के लिए उसे 10 ट्रीप रेत की जरूरत थी। पंचायत से पर्ची बनवा कर उसने रेत मंगाया था। भाड़ा के रूप उसे मात्र 10 हजार खर्च करना पड़ा। वह बताती है कि वर्तमान सिस्टम से फायदा हुआ है।

### रेत चोरी में आई कमी

सरपंच श्री वैष्णव बताते हैं कि पूर्व में मनमाने तरीके से रेत का खनन किया जा रहा था जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था। वर्तमान व्यवस्था के बाद रेत की चोरी में काफ़ी कमी आई है और लोग अपनी जरूरत के हिसाब से मामूली खर्च में रेत लाकर आवास के सपने को पूरा कर रहे हैं।

### अन्य को छूट नहीं

सरपंच श्री वैष्णव बताते है कि इस छूट का लाभ केवल गांव के हितग्राही उठा सकते है। आसपास गांव के लोगों को रेत निकासी करने की छूट नहीं है। वह बताते है कि पर्ची लेकर जाने पर ट्रेक्टर को नदी में प्रवेश करने दिया जाता है। निकासी पर नजर रखने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है। निगरानी समिति के सदस्य दिन रात नजर रखते है। रात में चोरी छुपे रेत निकालने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर कार्रवाई किया जाता है।

### राहत देने वाली पहल

आवास योजना के हितग्राहियों को माफिया की लूट से बचाने के लिए ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच शरद वैष्णव ने सार्थक पहल की है जिससे बेहद ही कम खर्च में लोगों को रेत मिल रही है साथ चोरी पर काफ़ी हद तक अंकुश लग गया है। ग्राम की समीपवर्ती नदी से रेत की निकासी होने से जल भराव क्षमता में भी वृद्धि हो रही है। सरपंच श्री वैष्णव बताते है कि पंचायत और ग्राम समिति ने संयुक्त रूप से तय किया कि शासन के निर्देशानुसार आवास योजना के हितग्राहियों को रेत निकासी की सहूलियत दिया जाए। रेत के लिए हितग्राही को मात्र 50 रुपए जमा कर पंचायत से पर्ची बनवाना पड़ता है। इस पर्ची के जरिए वह एक ट्रिप रेत की निकासी कर सकते है। हितग्राही को रेत की लोडिंग और परिवहन के एवज में मात्र एक हजार खर्च करना पड़ता है। इस प्रकार बाजार में पांच से छह हजार में बिकने वाली रेत आसरा के गरीबों को मात्र 1050 रुपए में मिल रही है।

---

# दो की हत्या से फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोरतलाव बागनदी क्षेत्र में एक हफ्ते में दो लोगों की हत्या होने से सनसनी फैल गई है। गत 5 जून को



बागरेकसा-दमउदहरा मार्ग पर युवक की हत्या हो गई। घटना के दूसरे दिन 6 जून को पुलिस ने शव बरामद कर मामले को जांच में लिया था। पुलिस संदेह के आधार पर जिन 3 लोगों से पूछताछ कर रही थी उसमें से एक व्यक्ति की लाश सीतागोटा- बढ़ईटोला मार्ग पर पुल के अंदर मिली है। पहले तो पुलिस उक्त शव को अज्ञात मान रही थी। लाश के सड़ी गली होने के कारण पहचान नही हो पाई थी। मृतक के गले की माला के आधार पर उसकी पहचान हो सकी। दो की हत्या ने पुलिस को उलझा दिया है हालंकि पुलिस सीसी टीबी फुटेज खंगाल कर दो लोगों की तलाश कर रही है। दोनों संदिग्ध का फरार होना बताया जा रहा है। पुलिस जांच के बाद जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही हैं और दोनों लाश को एक मामले से जोड़ कर देख रही है। दमउदहारा में मिली लाश की पहचान सुरज सेन सहसपुर दल्ली निवासी के रूप में हुई है जबकि बढईटोला मार्ग में मिली लाश की शिनाख्त के लिए हुलिया के आधार पर परिजनों को बुलाने की जानकारी मिली है।

- पुलिस ने किया मामले के जल्द खुलासे का दावा

### जांच के बाद होगा खुलासा

एसडीओपी आशीष कुंजाम ने जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का दावा किया है। उन्होंने विवेचना के आधार पर दोनो अंधे कत्ल के मामले को एक ही तार से जोडने की बात कही। इधर वनांचल में दो शव मिलने के बाद दहशत का माहौल बन गया है। इससे पहले 10 दिन पूर्व अज्ञात युवक की रेल्वे कालोनी में लाश मिली थी।

---

# पूर्व सरकार के आदेश को नहीं मान रहे अधिकारी

- नहीं बन रहा लोगों का जाति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में एससी केटेगरी के 60 प्रतिशत से अधिक लोग निवासरत है। एससी- एसटी के लोगों को जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है। अनुसूचित जाति के लोग जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए साल भर से भटक रहे हैं उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। अधिकारी नियमों का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में कुछ लोगों का जाति प्रमाण पत्र बना था, परन्तु वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पर रोक लगा दिया है। नियमों का हवाला देकर लोगों को वापस भेज दिया जाता है जिससे लोग परेशान है।

### नहीं मान रहे पूर्व आदेश को

कांग्रेस शासन काल में अधिनियम में संशोधन कर जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया था ताकि वह लोग जिनके पास दस्तावेज नहीं है या दस्तावेज में त्रुटि है ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर जाति प्रमाण पत्र बन सके। अब अधिकारी उक्त आदेश को मानने से इंकार कर रहे हैं। बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाई केवल अधिकारियों की सोच के कारण है। वह अभी नियम बता रहे हैं जबकि कांग्रेस सरकार ने 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की अनिवार्यता को खत्म कर 1950 के पूर्व के जीवित सामाजिक व्यक्तियों के हस्ताक्षर, स्थल पंचनामा नगर पालिका के प्रस्ताव के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का प्रावधान किया था। वर्तमान में अधिकारी उस नियम की अवेलहना कर रहे है। श्री नंदेश्वर ने बताया कि एससी एसटी के लोगों ने इस आशय की शिकायत राज्यपाल सहित प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो एससी समुदाय द्वारा हमारी जाति बताओ आंदोलन किया जाएगा।

### आपदा प्रभावितों को अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। इसके अंतर्गत तालाब में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि से 38 मुंग फसल क्षति होने पर 3 लाख 90 हजार 572 रुपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

---

# वृक्षों की कटाई और बिजली चोरी का खुलासा

## आरोपों के घेरे में पूर्व सरपंच का प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत बुढ़ासागर इन दिनों अवैध गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। तालाब के किनारे लगे हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई और बिजली की चोरी धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के मुखिया और संबंधित विभाग इस मामलों से बेखबर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत बुढ़ासागर के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि द्वारा तालाब पार पर लगे बबूल के पेड़ों की अवैध रूप से कटवाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से वृक्षों की कटाई की जा रही है। उन पर बिजली के तार में कटिया डालकर बिजली चोरी करने का भी आरोप है। सूत्रों का कहना है कि वह कुछ सालों से ईंट-भट्ठा लगाते रहे हैं। उन्होंने पूर्व में कटिया मारकर विद्युत कनेक्शन लिया था, जिस पर विद्युत कंपनी ने कार्रवाई भी किया था।



### जानकारी होने से इंकार

ग्राम पंचायत बुढ़ासागर के सरपंच संजू सिंह खुशरो ने बताया कि उन्हें पेड़ कटाई की जानकारी नहीं है। पंचायत में इस संबंध में कोई प्रस्ताव किया है।

### जांच की जाएगी

विद्युत कंपनी के कनिष्ठ यंत्री हरिप्रसाद जंघेल ने बताया कि उन्हें विद्युत चोरी की शिकायत मिली है। मामले की जांच करवाई जाएगी। शिकायत सही मिलने पर पुलिस केस करते हुए विद्युत चोरी का प्रकरण बनाकर अधिकारियों को भेजा जाएगा।

### लकड़ी जब्त किया गया

तहसीलदार नेहा धुर्व ने बताया कि टीम भेजकर जांच कराया गया। ग्रामीणों ने यह स्पष्ट नहीं बताया कि लकड़ी किसने और क्यों काटा है। जब्ती की कार्रवाई कर लकड़ी को जिम्मेदार व्यक्ति के सुपुर्द रखवाया गया है।

---

# उत्कृष्ट कार्य के लिए चेकिंग स्टॉफ पुरस्कृत

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने अपने उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करते हुए साबित किया है कि सतर्कता, कर्तव्य निष्ठा और प्रतिबद्धता से यात्रियों की सुविधा और राजस्व की रक्षा की जा सकती है। इस कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता ने नागपुर मंडल अंतर्गत विभिन्न वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ को पुरस्कृत किया है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि नागपुर मंडल से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों तथा रेलवे स्टेशनों पर निरंतर टिकट जांच किया जाता है ताकि बिना टिकट यात्रा करने वालों को नियंत्रित किया जा सके। मंडल रेल प्रबंधक ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह की उपस्थिति में मण्डल के 38 उत्कृष्ट टिकट चेकिंग कर्मचारियों को सम्मानित किया। कर्मचारियों ने इस कार्य के बच्चों के अकेले यात्रा करने, गांजा तस्करी, चोरी की रोकथाम, यात्री सुविधाओं मुहैया कराने आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में टिकट चेकिंग के क्षेत्र में आधुनिक गैजेट्स का उपयोग बढ़ रहा है इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजकुमार को भी सम्मानित किया गया इसके अलावा मंडल में बेस्ट प्रभारी हेतु राजेश पी रामटेके, नरसिंह नारायण दास, मंडल मुख्य वाणिज्य निरीक्षक को भी सम्मानित किया गया।

### स्कूल बसों की जांच 12 को

**राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिला सुरक्षा समिति अंतर्गत एवं स्कूल सत्र शुरू होने के पूर्व स्कूल बस के रूप में पंजीकृत सभी स्कूल बस वाहनों की 16 बिंदुओं तथा वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की जांच 12 जून को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में की जाएगी। सभी स्कूल बस संचालकों को स्कूल बस एवं वर्दी सहित चालक व परिचालक वर्दी की निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित सुनिश्चित कराने कहा गया है। नियत तिथि को वाहन जांच हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर वाहनों को ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जाएगी।

---

मानस की चौपाइयों से बताया प्रकृति का महत्व

# मुक्तिधाम और गौठान में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पंचायत ने शिवनाथ मुक्तिधाम में पौधारोपण किया। नगर पंचायत ने इस मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनजागरूकता रैली निकाल कर किया गया। शिवनाथ मुक्तिधाम में फल, फूल और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पर्यावरण के महत्व समझाते हुए लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सीएमओ विजय पांडेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, भाजपा नेता राजेश सिंगी, मोंटी खंडेलवाल, पार्षद दिलीप कुंभकार, रामदयाल साहू, मोहन जैन, सतीश खंडेलवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### गौठान मुक्तिधाम में भजन-कीर्तन

गौ सेवा एवं पर्यावरण संदेश समिति हाथीकन्हार और अंबागढ चौकी की अगुवाई में पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। समिति के बैनर तले प्रातः जागरूकता रैली निकाला गया। रैली मुख्य मार्गों में गुजरते हुए मुक्तिधाम पहुंची। रैली के बाद गौठान और मुक्तिधाम में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के बाद गौठान में भजन कीर्तन, सेवा गीत एवं रामयाण पाठ किया गया। मानस की चौपाईयों के माध्यम से प्रकृति का महत्व बताया गया। मुख्य अतिथि संत बालकदास थे। समिति के प्रमुख रामदयाल साहू ने समिति के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में देवचंद पटेल, सिरोतन देवांगन, राजहंस भारद्वाज, उर्मिला पटेल, भानबाई, धनकुंवर, सुनील सिन्हा, रोहित सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए।

---

# जल बचाने निकाली यात्रा

**राजनांदगांव।** जल बचाने जलयात्रा कर गली-गली में घूमकर नारी शक्ति गर्मी में पसीना बहा रही है। प्रतिदिन 10 से 6 बजे तक 3 गांव में जलयात्रा निकालकर गांव को




इस अभियान महत्व को नारा के माध्यम अवगत करा रही। लोग बड़ी संख्या में जलयात्रा कर चौपाल में शामिल हो रही है। लोगों को जल और पौधा के महत्व समझते एक सूत्र में बंधकर संरक्षण करने की ओर बढ़ रहे है।

मंगलवार को डोंगरगांव के 3 गांव क्रमशः किरगी, रूपाकाठी, रीवागहन में हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा में पद्मश्री फुलबासन यादव, हरियाली बाहिनी प्रमुख शिवकुमार देवांगन, जानिया साहू, सरपंच पुष्पलता हिरवानी, उपसरपंच सागर साहू, पीआरपी रिंकी सिंह शामिल हुए।

फुलबासन यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया कि जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए महिलाओं के साथ ही बढ़-चढ़कर पुरूष कदम से कदम मिलाकर सहभागी बनकर सहयोग दे रहे हैं। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल होगा, सभी के यहां सोखता गड्ढा बनाकर एवं पौधा लगाकर बचाने की दिशा में योगदान दे। शिव देवांगन ने बताया कि अब 118 गांव में जलयात्रा निकालकर महिलाओं ने साहसी कार्य किए हैं। लोगों को ये समझ में आ रहा है, पानी बचाने एवं पौधा लगाने से ही जीवन सुरक्षित रहेगा।

# पीएम आवास से वंचित और नल से पानी पर रोक लगाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के अंजोरा निवासी बसंताबाई ने गांव के पूर्व सरपंच पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ में रोक लगाने और वर्तमान में सरकारी नल से पानी भी नहीं देने को लेकर आरोप लगाते इस मामले में कलेक्टर से उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

अंजोरा निवासी बसंताबाई ने कहा कि वर्ष 1996 से वह अंजोरा में निवास कर रही है और वर्ष 2002 में काफी संघर्ष के बाद उनका राशन कार्ड बना है। पति की मौत के बाद आर्थिक संकट भी परिवार पर गहराया हुआ है। उनके पास मकान बनवाने के लिए रुपए नहीं है तो उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से फॉर्म भरा, इसके बाद आवास योजना में उनका नाम भी आया। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि भूतपूर्व सरपंच ने आवास योजना का लाभ नहीं लेने दिया, उनका नाम काट दिया।

इसके बाद उन्होंने फिर आवेदन किया और फिर नाम काटा गया, यह सिलसिला तीन बार तक चलता रहा। बसंताबाई ने कहा कि उनका



आवास निर्माण पास नहीं होने दिया गया।

### मकान तोड़ने दबाव

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची पीड़िता ने कहा कि गांव के पंच-सरपंच उनका मकान अतिक्रमण में होना बताकर मकान तोड़ने को रहे हैं। वहीं पीने का पानी भी सरकारी नल से नहीं दे रहे हैं। पीड़िता ने कलेक्टर से इस मामले में कार्रवाई को लेकर गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि अतिक्रमण बताकर उनके घर को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे मानसिक परेशानी हो रही है।

## किसानों ने कहा- खेती किसानी होगी चौपट

# शिवनाथ नदी पर तटबंध का विरोध किसानों ने रोक लगाने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिवनाथ नदी पर कटाव और बाढ़ से बचाव के लिए तटबंध बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका अब स्थानीय किसान विरोध कर रहे हैं। शिवनाथ नदी पर तटबंध निर्माण में रोक की मांग को लेकर शहर के वार्ड नं. 49 मोहड़ के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर तटबंध निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। किसानों ने कहा है कि शिवनाथ नदी पर तटबंध बनाए जाने से इस क्षेत्र की खेती-किसानी चौपट हो जाएगी। लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं नदी के किनारे गांव सूख जाएंगे।

### फसल को होगा नुकसान

मोहड़ वार्ड से पहुंचे किसान हरिशचंद साहू, लेखूराम पटेल, बिसेन साहू, टोमन लाल सहित दर्जनों किसानों ने कहा कि विकास के नाम पर कांक्रीट का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे यहां की किसानी प्रभावित होगी। शिवनाथ नदी पर कांक्रीट का रिटर्निंग वॉल बन जाने से ग्राउंड वाटर लेवल खत्म हो जाएगा और फसल भी चौपट होगी।



### पहले भी सूखे बोर

मोहड वार्ड के किसानों ने बताया कि वर्ष 2018-19 में नदी मिट्टी कटाव रोकने हेतु तटबंध का निर्माण हुआ था, निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण भूमिगत जल अवरोध हो गया है। जिससे वार्ड के बहुत से खेत सिंचाई बोर एवं घरेलू बोर बंद हो गए हैं। अब तटबंध योजना का दोबारा सर्वे का कार्य कर लिया गया है। जिसमें पूरे वार्ड का

### जल स्तर होगा प्रभावित

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि मोहड़ में भू-जल स्तर काफी नीचे है। यहां बोर करने से पानी नहीं आता है। वहीं शिवनाथ नदी की वजह से ऊपरी जलस्तर बेहतर है, 20-25 फीट में ही पानी मिल जाता है। ऐसे में कांक्रीट का तटबंध बनने से गांव का जलस्तर प्रभावित होगा।

### किसानों के हित में मांग

मोहड़ वार्ड से पहुंचे महिला-पुरूष किसानों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि तटबंध का कार्य होने पर यहां 1500 एकड़ किसानी रकबे के साथ ही आक्सीजोन वृक्षारोपण भी प्रभावित होगा। उन्होंने किसानों के हितों को ध्यान में रखते तटबंध योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# चार साल से फरार वारंटी पकड़ाए

■ बसंतपुर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्व प्रभारी कार्रवाई हेतु गठित टीम द्वारा गिरफ्तारी वारंटी, जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हो रहे थे। जिनके विरूद्व माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट प्राप्त हुआ था। वारंटी भक्तराज ढीमर 24 साल निवासी अटल आवास, पुनाराम 35 साल निवासी राजीव नगर को गठित पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मुखबीर की सूचना के आधार पर पकड़ा गया। दोनों वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया।

# नहीं मिल रहा योजना का लाभ, ग्रामीणों ने की पट्टे की मांग

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम पंचायत ढारा के रानीगंज से लगभग 50-60 की संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पट्टा दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ढारा के आश्रित ग्राम रानीगंज के वार्ड नंबर 1 और 2 से पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि उनका परिवार यहां 50 वर्ष से भी अधिक समय से निवास कर रहा है और विगत कई वर्षों से पट्टे की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक पट्टा नहीं मिला है। सुशान तिहार में भी आवेदन किया गया है, लेकिन समाधान शिविर में भी कोई समाधान नहीं निकला है ग्रामीणों के पास पट्टा नहीं होने के चलते उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश परिवार कच्चे मकान में रह रहे हैं और मकान जर्जर हो रहे हैं। पट्टा नहीं होने से वह प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

### पट्टा देने की गुहार

बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे रानीगंज के ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन से जल्द से जल्द पट्टा देने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने कहा है कि पट्टे की मांग को लेकर उन्होंने सभी जगह आवेदन किया है, लेकिन उनकी इस मांग पर सुनवाई नहीं हो रही है।



### भूमिहीन परिवार

रानीगंज की पंच रूखमणी ठाकुर और ग्रामीण धनंजय जंघेल ने बताया कि यहां लगभग 60 परिवार है, जो भूमिहीन है और गांव के घास भूमि में निवासरत है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा पट्टा मिलने में देर लगेगी कहा गया है।

# अंडरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने सोमवार को गौरीनगर में हो रहे अंडरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। सांसद पांडे ने कहा कि गौरीनगर रहवासियों के लंबे समय से कर रहे मांग और अतिसंघर्ष को विराम लगेगी। अंडरब्रिज के निर्माण पूर्ण हो जाने से गौरीनगर के रहवासियों को सुविधा उपलब्ध होगी।

# हैंडपंप की केसिंग जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में जल संकट गहराया हुआ है। नलों से पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में वार्ड के लोग स्थानीय जल स्त्रोतों के जरिये अपनी निस्तार की व्यवस्था कर रहे हैं। इसके बाद भी वार्डों में लगे हैंडपंप की मरम्मत नहीं की जा रही है। शहर के कई क्षेत्रों में हैंडपंप जाम पड़े हुए हैं। वहीं कुछ जगह टूटे-फूटे हैंडपंपों को मरम्मत की जरूरत है।

शहर के शंकरपुर वार्ड नंबर 9 के शिवानंद चौक के समीप स्थित हैंडपंप में जोखिम के साथ वार्ड की महिलाएं और बच्चे पानी भर रहे हैं। दरअसल इस हैंडपंप का केसिंग पाईप सड़ कर टूट चुका है। हैंडपंप चलाने पर हैंडपंप केसिंग की जगह से हिलने लगता है, जो कभी भी टूटकर गिर सकता है। जिससे हैंडपंप चलाने वाले के घायल होने की संभावना भी बनी हुई है।

### नहीं हो रही मरम्मत



हैंडपंप की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने पार्षद को हैंडपंप खराब होने की जानकारी दे दी है, लेकिन अब तक स्टैंड पंप का केसिंग पाईप नहीं बदला गया है। जिसकी वजह से हादसा होने की संभावना बनी हुई। शहर में लगभग 856 हैंडपंप है। जिसमें से 471 हैंडपंप चालू है। वहीं 113 ट्यूबवेल है और लगभग 272 हैंडपंप जर्जर होने और मोटर पंप जाम होने की वजह से बंद पड़े हुए हैं।

### हैंडल नहीं लगाया, उपयोगविहीन

शंकरपुर के राधे गली में एक हैंडपंप ऐसा भी है, जहां सिर्फ केसिंग पाईप डालकर छोड़ दिया गया है। यहां पंप का हैंडल वाला भाग नहीं लगाया गया है। जिसके चलते इस हैंडपंप का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

# ट्रैक्टर पलटा, युवक की दर्दनाक मौत

■ ग्राम पंचायत जंगलपुर के आश्रित गांव खैरानवापारा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल क्षेत्र पंचायत जंगलपुर के आश्रित गांव खैरानवापारा में सोमवार दोपहर जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से एक तीस वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव शोक में डूब गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे खेत जोताई का काम कर वापस लौट रहे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर पलटने से वाहन चालक राजेंद्र ध्रुव पिता चिंताराम उम्र लगभग 30 वर्ष का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक मगरकुंड गांव में जोताई कर रहा था। जोताई कार्य पूर्ण कर खेत से वापस आ रहा था। उसी दौरान खेत का मेड ऊंचा होने की वजह से ट्रैक्टर अनबैलेंस होकर पलट गया। घटना इतना हृदय विदारक था कि वाहन के चारो पहिये उपर उठ गया था। जिसके नीचे मृतक दब गया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण मौके पर दौड़े तथा काफी मशक्क्त के बाद शव को बाहर निकाला गया। मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। एम्बुलेंस से युवक को पीएम के लिए गंडई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गुजरात में जिले के तीन शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचार, क्रिएटिव लर्निंग, बाल केंद्रित शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने मोहला-मानपुर-चौकी जिले के तीन शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात के ऊंझा में सरदार पटेल राष्ट्रीय इनोवेटिन टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

इस सम्मान समारोह में देशभर से चयनित शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। जिनका चयन कक्षा में शिक्षण तकनीक, बाल केंद्रित शिक्षा, नवाचारी गतिविधियां, विद्यालय सौंदर्यीकरण, विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं उनकी उपलब्धियां जैसे मापदंडो के आधार पर किया गया। राजेन्द्र कुमार ठाकुर शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला जबकसा, चेतनदास सार्वा सहायक शिक्षक बालक प्राथमिक शाला मानपुर एवं नरेन्द्र कुमार मानिकपुरी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला हनईकलखुर्द को उनके नवाचारी शिक्षण कार्यों और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में निभाई गई भूमिका के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जेनाजी भाई पटेल, पद्मश्री शैलेष कुमार




प्रजापति, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र जानी, यूनिसेफ चीफ कंसल्टेंट एजुकेशन भरत भाई चौधरी बीईओ, महेसाणा चंदूभाई मोदी, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. राजेन्द्र डाइट प्राचार्य, हरियाणा कल्याण सिंह पवार सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया।

मोहला-मानपुर- चौकी जिले के मानपुर विकासखंड के तीनों शिक्षकों की उपलब्धि पर फत्तेराम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी मोहला-मानपुर-चौकी, अंगदराम कौर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर, अरुण मरकाम सहायक बीईओ मानपुर और जाहिदा खान बीआरसीसी मानपुर ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि शिक्षकों ने जिले का मान बढ़ाया है, हम उनकी सराहना करते हैं।

# रायपुर में राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन 11 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग का राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन 11 जून को रायपुर में आयोजित किया गया है। आंदोलन को सफल बनाने समाज प्रमुख प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं।

अजाक्स के जिलाध्यक्ष डेविड भुआर्य एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष लेखराम मात्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। श्री भुआर्य व श्री मात्रा सहित प्रहलाद ठाकुर, कपूरचंद डोंगरे, ईश्वर चंद्रवंशी, बीएन धनगुन, महादेव वाल्दे, रोमसिंह मंडलोई तथा पूरनलाल उईके सहित अन्य लोग आंदोलन के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। उन्होंने समाज के लोगों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# 2 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने दो मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

मनोज कांडे लालबहादुर नगर मंडल के अध्यक्ष एवं हेमलाल वर्मा, कैलाश उईके महामंत्री बनाए गए। लाल बहादुरनगर से अध्यक्ष मनोज कांडे, उपाध्यक्ष उपकार सिंह बघेल, वर्षा गेड़ाम, गोदावरी निषाद व चंद्रप्रकाश देशमुख, महामंत्री हेमलाल वर्मा व कैलाश उईके, मंत्री धनवार मंडावी, चंद्रा सिन्हा, तिलकाबाई व अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष रेवाराम सिन्हा, मीडिया प्रभारी भोजराम वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र यदु, कार्यालय प्रभारी घनश्याम वैष्णव को बनाया गया है।

### हिरदेराम कुमर्दा मंडल अध्यक्ष

कुमर्दा मंडल से अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, उपाध्यक्ष टुमेश साहू, चंदूलाल पटेल, चित्रलेखा साहू व रजवन्तीनबाई, महामंत्री पतिराम साहू व कोमल सिन्हा, मंत्री मन्होर साहू, ठाकुरराम यादव, महाबती नेताम व लक्ष्मीबाई गुहा, कोषाध्यक्ष दिग्विजय दास साहू, सह-कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू, मीडिया प्रभारी कपिल बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी डिलेश्वर मानिकपुरी एवं कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र राजपूत को बनाया गया है।

# प्रवेश द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** ट्रांसपोर्ट नगर चौक का नामकरण संत कबीर चौक के नाम से कर दिया गया है। जिला स्तरीय सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर चौक (अग्रवाल ट्रांसपोर्ट) में महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों द्वारा जिले के महंत एवं संतों व भक्तों की उपस्थिति में सद्गुरु कबीर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। चौक का भूमिपूजन पश्चात कबीर अनुयायियों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों में भव्य शोभायात्रा, बाईक एवं ई-रिक्शा रैली निकाली गई, जो सद्गुरु करूणामय सेवा संस्थान शंकरपुर में समापन हुआ। तत्पश्चात सत्संग, भजन, प्रवचन एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती तथा सद्गुरु प्रसादी भोजन भंडारा रखा गया था। इस दौरान समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग तथा महिलाएं उपस्थित थी।

भैंस गुमी



तीन भैंस पुराना ढाबा राजनांदगांव से गुम हो गई है। यह भैंस हीरालाल निर्मलकर जी की है। जिस किसी व्यक्ति को इसकी जानकारी हो तो इस नंबर पर संपर्क करें।

मो. 9098843250, 6265013344, 7869513027

जानकारी देने वाले को 5000/- का उचित ईनाम दिया जाएगा।

टीप : सींग में कलर अभी नहीं लगा है न ही शरीर में धब्बा है

## निधन



### राजेंद्र कुमार साहू

**राजनांदगांव।** समता कालोनी पनेका रोड निवासी सेवानिवृत्त आरआई रिखीराम साहू के सुपुत्र राजेन्द्र कुमार साहू का रविवार सुबह हृदयाघात के चलते निधन हो गया। 56 वर्षीय राजेंद्र कुमार छुरिया क्षेत्र के ग्राम पडरामटोला में शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां साहू समाज व शिक्षा जगत के लोगों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। मुक्तिधाम में उपस्थितजनों ने मृतात्मा को भावभीनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### शिवनारायण मिश्रा

**राजनांदगांव।** सुरेंद्रदत्त मिश्रा (शिक्षक) के पुत्र और श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा के भतीजे शिवनारायण मिश्रा (शिवम) का सोमवार को प्रातः रेलवे दुर्घटना से मृत्यु हो गई। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.30 बजे उनके निज निवास ब्राह्मणपारा दिग्विजय चौक (श्री काली मंदिर के सामने) से मठपारा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

# मोहला-मानपुर को नक्सलमुक्त करने निभाई थी आकाश ने अहम भूमिका

■ शहादत से मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में भी छाया मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आज सुबह बस्तर के कोंटा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास हुए आईडी विस्फोट की चपेट में आने के कारण पुलिस अफसर आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। जांबाज अफसर आकाश राव गिरिपुंजे की शहादत की खबर ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को भी गमगीन कर दिया है।



मानपुर एसडीओपी के अपने पदस्थापना के दौरान 3 वर्षों के भीतर लंबे समय से आतंक का पर्याय बने रहे नक्सली संगठन के चार-चार एलओएस को मोहला-मानपुर और औंधी में मिट्टी में मिलाने वाले अफसर की शहादत ने सबको झकझोर कर रख दिया है। उल्लेखनीय है कि आज सुबह आकाश राव गिरिपुंजे उप पुलिस अधीक्षक कोंटा, एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर, निरीक्षक सोनल ग्वाला और अन्य पुलिस बल की टीम नक्सलियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच हेतु पैदल गश्त पर निकले हुए थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान अपने रणनीति के तहत घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने आईडी विस्फोट किया। जिसमें आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। इस घटना में सोनल ग्वाला कोंटा निरीक्षक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। टीआई सोनम ग्वाल मोहला विकासखंड के पानाबरस तथा खडगांव थाना प्रभारी के रूप में यहां पदस्थ थे। दोनों अफसर ने इस जिले से नक्सलवाद को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

### जांबाज अफसर थे आकाश राव

42 वर्षीय शहीद आकाश राव गिरिपुंजे रायपुर जिले के निवासी हैं और 2013 बैच के सीधी भर्ती डीएसपी थे। वे वर्ष 2024 से कोंटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वे छत्तीसगढ़ पुलिस के सबसे साहसी योद्धाओं में से एक थे। वे मानपुर-मोहला और सुकमा जैसे वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी। आकाश राव गिरिपुंजे के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार एवं गार्ड ऑफ ऑनर हेतु रायपुर लाया गया है।

### 4 नक्सली संगठन को किया ध्वस्त

तत्कालीन मानपुर एसडीओपी शहीद आकाश राव के नेतृत्व में सन 2016, 17, 18 तीन वर्षों के भीतर मोहला-मानपुर के बीहड़ों में पानाबरस एलओएस, औंधी एलओएस, पल्लेमाडी एलओएस, मोहला एलओएस के हार्डकोर नक्सलियों का एनकाउंटर में सफाया कर दिया। नक्सलियों के मारे जाने के साथ-साथ इनके कार्यकाल में मुठभेड़ में नक्सलियों का घातक हथियार भी बरामद हुए। जिसके बाद इस क्षेत्र में नक्सलवाद धीरे-धीरे समाप्त होने लगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

**सौगात:** प्रथम कर्तव्य जनता की सेवा करना है : बोहरा

# विधायक भावना ने क्षेत्र में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंवरजली में सोमवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा अनेकों विकास कार्यो का भूमि-पूजन किया गया। जिसमें गांव-गांव में मुक्तिधाम नहीं था, जिसकी घोषणा मंच से विधायक द्वारा किया गया वहीं विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 9.94 एवं आंगनबाड़ी निर्माण कार्य लागत राशि 11.69 का भूमि-पूजन किया। तत्पश्चात ग्राम सैहामालगी में उप स्वास्थ्य केंद्र के नव-निर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई। उन्होने उद्बोधन में कहा की हमारी प्रथम प्राथमिकता अपने क्षेत्र की जनता का सेवा करना है, हमारी जनता अगर तकलीफ में हो तो हमारी जिम्मेदारी बनती है की हम उनके दुख को दूर करने की कोशिश करें। श्रीमती बोहरा ने कहा कि विधायक पद का शपथ लेते ही ये संकल्प लिया था की अपने क्षेत्रवासियों की मूल-भूत जरूरत को पूरी करने के लिऐ हमेशा तत्पर रहूंगी। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, मुकेश ठाकुर, विकास पाण्डेय, महेंद्र घृतलहरे, अश्वनी यदु, महामंत्री मनहरण साहू, सुमन ढीमर, संतोष ध्रुवें, शेखर सिंगरौल, पूर्व सरपंच हरेंद्र राजपूत, सरपंच अनिल ठाकुर एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### पीएम व राज्य सरकार के अगुवाई में प्रदेश नई ऊंचाई को छू रहा



भावना बोहरा ने कहा कि मैंने अपने जिला पंचायत सदस्य रहते महसूस किया था, कि अधिकतर जगह में आंगनबाड़ी भवन केंद्रों की स्थिति दयनीय है। वहीं क्षेत्र के छोटे-छोटे नन्हे-मुन्हे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने जाते हैं और आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति ठीक करना अतिआवश्यक था। क्योंकि बच्चों की सुरक्षा सबसे अधिक आवश्यक है, मैंने अपने पहले कार्यकाल वर्ष में 10 आंगनबाड़ी हेतु भवन की स्वीकृति करवाई। श्रीमती बोहरा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय की अगुवाई में प्रदेश नई ऊंचाई को छू रही है, आज महिलाओं को सम्मान देते हुए महतारी वंदन योजना शुरू किया गया, जिससे निश्चित रूप से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, किसानों के हित के लिए वचन बद्ध हैं। सरकार ने 3100 रूपए समर्थन मूल्य देने का जो वादा किया था उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाया है। इस कार्यक्रम में कुण्डा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राज्य सरकार की गलत शिक्षा नीति के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

- प्रदेश सरकार के नाम विकासखण्ड शिक्षा अधिकार को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



शिक्षा विभाग में नए सेट-अप के नाम पर युक्तियुक्तकरण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंडरिया का घेराव कर प्रदेश सरकार के नाम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय पंडरिया का घेराव किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विशेष रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार की गलत नीति के विरोध में प्रदर्शन करना था, जिसके तहत शिक्षा विभाग में नए सेट-अप के नाम पर युक्तियुक्तकरण के कारण लगभग 10 हजार स्कूल बंद हो जाएंगे और 45 हजार शिक्षकों के पद खत्म हो जाएंगे। पूर्व विधायक श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा झटका है और इससे प्रदेश के हजारों छात्राओं और शिक्षकों का भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस नीति को तुरंत वापस लिया जाए और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने मांग की है कि प्रदेश सरकार तुरंत इस नीति को वापस ले और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए। कांग्रेस पार्टी छात्रों और शिक्षकों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने शामिल होकर सभी ने एक स्वर में प्रदेश सरकार की नीति के विरोध में प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार के नाम विकासखण्ड शिक्षा अधिकार महेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। इस जिला शिक्षा अधिकारी घेराव कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अर्जुन तिवारी, नवीन जायसवाल, रवि चंद्रवंशी, मनीष शर्मा ने भी संबोधित किया सभी वक्ताओं ने का स्वर में कहा कि प्रदेश में अनावश्यक रूप से शिक्षा विभाग युक्तियुक्त कारण कर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है इसे साकार तत्काल वापस ले।

# कुई कुकदूर मण्डल में कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

रविवार को भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं जिलाध्यक्ष के दिशा निर्देश पर भाजपा मंडल कुई कुकदुर में संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल थीम पर आधारित मंडल कार्यशाला का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता मुकेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुण्डा ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षो में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है, देश के हर नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है, देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री ने अंत्योदय की नीति को प्राथमिकता देते हुए विकास का लाभ सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम किया है। उक्त कार्यक्रम में मंडल के प्रभारी कल्याण श्री ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, महामंत्री दशरथ कुंभकार, दीपक सलूजा, वरिष्ठ संजय जैन, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष विजय मरकाम, मंडल उपाध्यक्ष भगऊराम धुर्वे, द्वारिका विश्वकर्मा, बिंदा पनागर, मंत्री रामगोपाल वट्टी, मधुर सिंह, राजू सिंह धुर्वे, धनीराम, विष्णु धुर्वे, युवा मोर्चा महामंत्री राकेश पंद्रम, रोहित परस्ते, जगदीश मरकाम, जागेश्वर धुर्वे, धनुष मरकाम, रामशरण साहू, रामनाथ कारयत, भरत कुंभकार, रामदुलारी साहू, छोटू श्याम, शोभाराम, सोनसाय, सुरेन्द्र मराठा, हिम्मत मोंगरे, तिहर सिंह श्याम, आनंद कुमार, मानसिंह, सतन कुमार, भैसवार यादव, नरेश हटले सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# समाज के विकास से ही देश का विकास होगा: संतोष पाण्डेय

## विद्या भारती 1952 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में प्रारंभ हुआ: सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय एवं अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पंचायत स.लोहारा संतोष मिश्रा, विशेष अतिथि संजय जायसवाल अध्यक्ष शहीद कौशल यादव स्मृति बाल शिक्षण समिति, प्रमोद चंद चोपड़ा उपाध्यक्ष के आतिथ्य में मां भारती ओम और मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। विशेष अतिथि संजय जायसवाल ने अपने उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर संचालित होने के शुरुआती दिनों के संघर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा विद्यालय 1992 में 40 बच्चों के साथ प्रारंभ हुआ था, वर्तमान में 1000 (एक हजार) छात्र संख्या है। स्वयं का भूमि भवन एवं निजी वाहन के साथ नगर के कोलाहल से दूर हिंदी माध्यम संस्कारित विद्यालय संचालित है।

कार्यकम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा विद्या भारती 1952 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में प्रारंभ हुआ था, आज पूरे देश में नगर के साथ, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत, पिछड़ी बस्ती एवं सुंदूर वनांचल क्षेत्र में विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। प्राचीन शिक्षा पद्धति, लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति थी। वर्तमान शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा निति समाज उपयोगी युवा, उद्यमि, रोजगार उद्यमि, एवं संस्कार के साथ अनुशासन और देश भक्ति कि शिक्षा समाहित है शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आने वाले युवा को ही घर परिवार और समाज का नाम रौशन करे, समाज के विकास से ही देश का विकास होगा। सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य, दीदियां एक सेवा भावी कार्यकर्ता, नौनिहाल बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं, जिससे आज देश के विभन्न क्षेत्रों मे अलग-अलग विभागों में शिशु मंदिर से पढ़ कर निकले पूर्व छात्र अलग-अलग विभागों में सेवा दे रहे हैं। विद्या भारती समाज जागरण, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, नगरिक कर्तव्य एवं स्वदेशी का भाव सेवा के साथ कार्य में लगे हैं, सांसद पाण्डेय ने उक्त पंक्तियों के माध्यम से कहा कि चंदन है इस देश की माटी, तपो भूमि हर ग्राम है, हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा-बच्चा राम हैं। प्रत्येक परिवार में भगवान श्री राम, स्वामी विवेकानन्द और माता सीता, सावित्री, और देवी दुर्गा जैसी बेटी है। वहीं द्वारिका राम साहू व्यवस्थापक प्रबंध समिति ने आभार व्यक्त किया।

# भाजपा कुण्डा मण्डल की मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित



- केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने कुण्डा में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मण्डल स्तरीय संकल्प सिद्धि कार्यशाला आयोजित किया कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा पूर्व में विधिवत पूजा-अर्चना कर एवं राष्टगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाई जाने वाली संकल्प सिद्धि अभियान के लिए रविवार को भाजपा मण्डल कुण्डा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। 9 से 25 जून तक चलने वाला यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के 11 साल के आधारित कार्यशाला है। संकल्प सिद्धि कार्यशाला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक कवर्धा अशोक साहू, संयोजक पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय, सह संयोजक मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर एवं पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी उपस्थित थें। उक्त कार्यक्रम में प्रतिनिधि जिला पंचायत महेंद्र धृतलहरे, महामंत्री मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, ध्वजाराम चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष ध्रुव, अमन खनूजा, भोला चंद्रवंशी, अश्वनी यदु, माखन चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, गणेश यादव, भूपेंद्र चंद्राकर, साहेब लाल सोनवानी, जेठू निर्मलकर, राजू श्रीवास्तव, नीलेश गुप्ता, परषोत्तम निर्मलकर, पूर्णिमा सेन, सरिता वैष्णव, भानुमती साहू, प्रताप सेन, मुकेश यदु, देवेंद्र चंद्रवंशी, सुमन ढीमर, सूरज यादव, मोनू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### भाजपा ने प्रामाणिकता के साथ काम किया व जन-विश्वास अर्जित किया: अशोक साहू

वक्ता अशोक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मूल उद्देश्य और संगठन की भावना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस पर समर्पण के साथ जुटना है, भाजपा ने जिस प्राथमिकता के साथ काम किया और जन-विश्वास अर्जित किया यही अमृत काल है। श्री साहू ने संकल्प से सिद्धि अभियान का तिथिवार कार्यक्रम का जानकारी दिए और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस आपातकाल के 50वीं बरसी एवं पर्यावरण के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा मां के नाम के पौधा अवश्य लगाना है।

### विकसित भारत के अमृत काल की दिशा में किए कार्य को घर-घर तक पहुंचना है: बालमुकुंद चंद्रवंशी

मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा कि विकसित भारत के अमृत काल एवं सेवा सुशासन गरीब कल्याण की दिशा में किए गए कार्यो को कार्यकर्ताओं की घर-घर पहुंचना है और इन उपलब्धियों का सघन प्रचार-प्रसार करे, ताकि विपक्षी गलत-फहमी न फैला सके। उन्होने कहा इन कार्यक्रमों में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो इन कार्यक्रमों के माध्यम से हमें समाज को भाजपा के चिंतन मनन से जोड़ना है, श्री चंद्रवंशी ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ है।

### संकल्प सिद्धि कार्यक्रम अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों को सफल बनाने कार्यकर्ता तन-मन से जुट जाएं: विकास पाण्डेय

कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम के संयोजक विकास पाण्डेय ने कहा संकल्प सिद्धि अभियान सहित अन्य सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने कार्यकर्ता तन-मन से जुट जाएं, आज भाजपा का हम जो बड़ा स्वरूप देख रहे है उसमें पार्टी के सभी कार्यक्रमों की महती भूमिका है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आज की पीढ़ी को तो अपनी पौराणिक परम्पराओं व राजनीतिक इतिहास की जानकारी नहीं है, उक्त कार्यक्रम को सह संयोजक संतोष चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक के प्रयासों से सेमरहा के बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान



**हरिभूमि कवर्धा।** स्कूलों की परीक्षा समाप्त होने के बाद रविवार को ग्राम सेमरहा के सभी 24 बच्चों की मानसिक थकान दूर करने भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों द्वारा राजनांदगांव स्थित वॉटर पार्क ले जाया गया। जहां बच्चों ने वॉटर पार्क में पूरे उत्साह के साथ खूब मस्ती की, रेन डांस साथ ही वॉटर पार्क में अन्य गतिविधियों में शामिल हुए। एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा व क्षेत्र की प्रगति हेतु अपने दायित्वों को पूरा करने के साथ ही उन सभी 24 बच्चों की अभिभावक के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा अपने कर्तव्यों का भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन कर रही हैं। उनके इस मातृत्व भावना की जितनी सराहना की जाए वह कम है।

### साहू समाज की महिलाओं ने निकाली नशामुक्ति रैली

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला महिला साहू संघ द्वारा सशक्त समाज के परिकल्पनाओं को साकार करने जिले के विभिन्न ग्रामों में अभियान चलाकर जन-जागरूक किया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान ईश्वरी साहू ने बेंदरची में किया कृषकों से संवाद



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि रथ का आयोजन विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम बेंदरची में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कृषकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू द्वारा खरीफ 2025 की तैयारी, उन्नत कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार एवं किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कृषकों से संवाद स्थापित करते हुए स्वस्थ बीज चयन के लिए 17 प्रतिशत नमक घोल विधि तथा वेस्ट डीकम्पोजर के उपयोग की जानकारी जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से दी। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि की दिशा में कार्य करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कृषकों को बताया कि वर्तमान में डीएपी खाद की उपलब्धता में कमी को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एवं एसएसपी का उपयोग सहकारी समितियों से उठाव कर किया जा सकता है। उन्होने कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से समय-समय पर मार्गदर्शन लेने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरकों के प्रयोग एवं फसल बीमा से जुड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक बीपी त्रिपाठी, डीपीडी सुशील वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बिरेन्द्र कुमार यादव, उद्यान अधीक्षक आकाश डड़सेना, मत्स्य निरीक्षक निलेश चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत सरपंच सुखदास पटेल सहित कृषि एवं समवर्गीय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण तथा क्षेत्र के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित थें, कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों से फीडबैक प्राप्त कर उनके नवाचारों को प्रोत्साहित करने एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आवश्यक सुझाव संकलित किए गए।

**भारत के पीएम को सेवा, सुशासन व जन-कल्याण के 11 सफलतम वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी**

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि की जीवंत मिशाल है: बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 9 जून को 11 साल पूरे कर लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके 11 साल के कार्यकाल में देशवासियों की जिंदगी आसान हुई है। कई बड़े व ऐतिहासिक फैसले, वैश्विक प्रतिनिधित्व, देश की सुरक्षा में ऐतिहासिक उपलब्धियां और देश की प्रगति के साथ ही जनाकांक्षाओं को उन्होंने पूरा करते हुए हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। उनके कुशल नीतियों एवं योजनाओं से ही आज देश के हर व्यक्ति के जीवन में सकारातमक परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है, वहीं आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को सेवा, सुशासन और जन-कल्याण के 11 सफलतम वर्ष पूर्ण करने पर बधाई व शुभकामनाएं। यह कालखंड एक राष्ट्रपुरुष की संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से गढ़ी गई उस यात्रा की कहानी है, जिसमें भारत ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखर छुए हैं। सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रेरित यह अमृतकाल, भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सफल नेतृत्व करना केवल संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से ही संभव है। अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, विरासत के संरक्षण, विकास की गति, सांस्कृतिक पुनरूत्थान, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के निरंतर नए आयाम स्पर्श किए हैं। आज उनके कुशल नीतियों का ही परिणाम है कि हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है। आर्थिक क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक, भारत हर क्षेत्र में महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

### जनहितैषी योजनाओं से आमजनों के जीवन स्तर में सुधार आया

श्रीमती बोहरा ने 11 वर्षो में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वहीं जनहितैषी योजनाओं से आमजनों के जीवन स्तर में सुधार आया है। जन धन योजना, यूपीआई और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने भारत को पेपरलेस, लाइनलेस और टाइमलेस बनाते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। धारा 370 का उन्मूलन, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति और आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदमों ने राष्ट्रीय अस्मिता एवं स्वाभिमान को नए आयाम दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला एवं सौभाग्य जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों को गरिमापूर्ण जीवन देने के साथ साथ आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को मुफ्त और सुलभ बनाया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की मूल भावना के साथ भारत ने अंत्योदय से राष्ट्रोदय तक की जो यात्रा तय की है, वह विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की अमिट आधारशिला बन चुकी है।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सक करेंगे छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कवर्धा।** कबीरधाम अंतर्गत संचालित चित्सिक विहीन छात्रावास, आश्रमों में निजी चिकित्सकों से प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए निजी चिकित्सको से 20 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। जिन संस्थाओं में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है उसकी सूची अनुबंध की शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम में अवलोकन कर सकते है।



### पर्यावरण समिति के साथ लोगों ने किया पौधारोपण

**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के सदस्य मुकेश कौशिक व उनकी धर्मपत्नी श्रद्धा कौशिक ने सोमवार को अपने विवाह के 14 वें वर्षगांठ के अवसर पर 9 जून को पाढ़ी मार्ग पर गुलमोहर का एक पौधा रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व रविवार सुबह नगर के रघुनन्दन गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आरती गुप्ता ने सपरिवार पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ लोरमी मार्ग के शिव मंदिर के पास एक नीम का पौधा लगाकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। साथ ही नगर सहित सभी लोगों को विशेष अवसरों व आयोजनों पर पौधारोपण करने की अपील करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने का आग्रह किया।इस दौरान समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, हमीद खान, राजीव श्रीवास्तव, एसएल कुर्रे, शंकर चन्द्रवंशी, डॉ. मजूमदार, आशीष मिश्रा, राजश्री तिवारी, आराध्या व पूर्वी कौशिक उपस्थित थे।

### चिल्फी में मनाया गया चावल उत्सव

**चिल्फीघाटी।** ग्राम पंचायत चिल्फी की शासकीय दुकान में चावल उत्सव मनाया गया और चावल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूपए में भाजपा रेंगाखार मंडल के महामंत्री प्रकाश धारवैया थे। विशिष्ट अतिथि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष लालाराम यदु और मंडल उपाध्यक्ष राजेश निषाद रहे। सरकार की खाद्यान्न योजना के तहत हितग्राहियों को 3 माह का चावल एकमुश्त दिया गया। इसबध्य उद्देश्य बारिश के मौसम में लोगों को राशन लेने में परेशानी न हो। इसी वजह से 1 जून से 7 जून तक सभी राशन दुकानों में चावल उत्सव मनाया जा रहा है।

### एमएससी गणित पूर्व का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल-2025 का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें एमएससी (गणित) पूर्व का ओवरऑल परिणाम 30 प्रतिशत, एमएससी (गणित) अंतिम का 48 प्रतिशत, एमए (अर्थशास्त्र) पूर्व का 81.54 प्रतिशत व एमए (अर्थशास्त्र) अंतिम का ओवरऑल परिणाम 93.55 प्रतिशत रहा है।

---

**कार्रवाई : स्टाफ की सतर्कता से पर्दाफाश, हिरासत में लिए गए तीन आरोपी**

# कवर्धा कलेक्ट्रेट में निरीक्षण करते पकड़ाया फर्जी डिप्टी कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हाल के ही दिनो जिला कार्यालय कवर्धा को ई-मेल के जरिए आरडीएक्स विस्फोटक से उड़ाए जाने की कथित धमकी के बाद गत रविवार की रात को एक बार फिर कवर्धा कलेक्टर कार्यालय सुर्खियों में आ गया।

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने यहां से खुद को डिप्टी कलेक्टर बताने वाले एक युवक और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 9.30 बजे जिला कार्यालय में हडकंप मच गया जब यहां शम्मी सिंह ठाकुर निवासी दुर्ग अपने एक ड्राइवर शुभलाल राजपूत पिता देवी सिंह राजपूत, निवासी पटेवा, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव और एक तथा कथित स्टेनो दुर्गेश सिंह राजपूत पिता लाल सिंह राजपूत, निवासी खैरबना कला, थाना कवर्धा सहित कार्यालय परिसर में स्थित विभागीय दफ्तरों का निरीक्षण करने पहुंच गया।

बताया जाता है कि शम्मी अपने दोनो साथियों के साथ परिसर में घूम-घूमकर विभागीय दफ्तरों का निरीक्षण कर रहा था और मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों से जानकारी ले रहा था। लेकिन लेकिन शम्मी का यह फर्जीबाड़ा ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया और कलेक्टोरेट के कर्मचारियों व अधिकारियों ने उसके हाव-भाव और बातचीत के तरीके से उसे ताड़ लिया कि दाल में कुछ काला है। जिसके बाद कलेक्ट्रेट स्टाफ ने तत्काल थाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी, घटना की गंभीरता को देखते हुए सूचना पाते ही पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शम्मी सिंह व उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस अब तीनों से गहन पूछताछ की गई। जवाब संतोष जनक नहीं मिलने पर तीनो आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 248/2025 अंतर्गत धारा 319(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर सभी तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से फर्जी आई कार्ड भी बरामद किए गए है।

**कलेक्टोरेट को विस्फोटक से उड़ाए जाने की धमकी देने वालों का अतापता नहीं**



यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिनो पूर्व ही जिला कलेक्टर की आधिकारिक बेवसाइड पर एक फर्जी ई-मेल भी आया था। जिसमें कलेक्टोरेट को आरडीएक्स विस्फोटक से उड़ाए जाने की धमकी दी गई थी। इस ई-मेल की जानकारी के बाद पूरे जिला कार्यालय सहित जिले में सनसनी फैल गई थी। आनन फानन में जिला कार्यालय परिसर को खाली कराया गया था और बम निरोधक दस्ते द्वारा पूरे परिसर की जांच की गई थी ली लेकिन जांच टीम को परिसर में कोई भी विस्फोटक नहीं मिला था। बताया जाता है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले को जांच में लिया था। लेकिन घटना के करीब महिनेभर बाद भी न तो फर्जी ई-मेल भेजने का पता चल पाया है और न ही पुलिस व जिला-प्रशासन द्वारा घटना के संबंध में अन्य कोई और जानकारी सार्वजनिक की गई है।

---

## 2.5 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी प्रकरण में दूसरी गिरफ्तारी



- तीसरे आरोपी की पतासाजी के लिए साइबर सेल कबीरधाम की टीम रायगढ़ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

थाना भोरमदेव में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 317(4), 318(2), 61(2), 111(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत एक सुनियोजित ढंग से 2.5 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी के मामले में जिला पुलिस प्रशासन ने एक और आरोपी की गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि इस सनसनीखेज मामले की प्रारंभिक कार्रवाई के तहत आरोपी नामदेव साहू की गिरफ्तारी गम 07 जून .2025 को की गई थी। गिरफ्त में आए आरोपी नामदेव साहू के मेमोरेंडम कथन के आधार पर अब पुलिस ने सत्यनारायण दुबे की संलिप्तता उजागर कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी श्री दुबे ठगी में प्रयुक्त बैंक खाता, एटीएम कार्ड तथा उसमें रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अन्य के माध्यम से चलवाने की भूमिका में था। उसे दिनांक 8 जून को विधिसम्मत गिरफ्तार किया गया। पुलिस की माने तो अब इस गिरोह से जुड़े तीसरे व्यक्ति का नाम भी सामने आया है, जो ठगी की श्रृंखला का सक्रिय सदस्य है। उसकी पतासाजी के लिए कबीरधाम पुलिस की साइबर टीम रायगढ़ के लिए रवाना हो चुकी है। लगातार सामने आ रहे आरोपियों, उनके बीच की संगठित भूमिका तथा उनके कार्यकलापों की समानता को देखते हुए प्रकरण में अब संगठित अपराध की धारा 111(3) बीएनएस एवं आपराधिक षड्यंत्र की धारा 61(2) बीएनएस को भी जोड़ा गया है। इस गिरोह द्वारा साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराना, ठगी की राशि में कमीशन के रूप में बंटवारा करना, खाते को होल्ड करवाना एवं उसमें पंजीकृत मोबाइल नंबर को बदलवाना जैसी गतिविधियां की गईं, जो स्पष्ट रूप से एक सुनियोजित अपराध का संकेत देती हैं। पुलिस के मुताबिक प्रकरण की जांच तीव्र गति से जारी है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र संभावित है।

---

## एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा का प्रदेश सरकार के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों की 09 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन 11 जून को प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर गत 8 जून को आदिवासी मंगलभवन कवर्धा में एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा की कहत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई और धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला प्रभारी लवन सिंह कंवर प्रदेश सचिव की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए जिला संयोजक आसकरण सिंह धुर्वे, अश्वनी कोसरे ने बताया कि एसटी, एस सी समाज के संवैधानिक अधिकारों के 09 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन प्रस्तावित है जिसमें कबीरधाम जिले से सैकड़ों की संख्या में समाजिक लोग व अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। उन्होने कहा कि सरकार के द्वारा एसटी, एससी समाज के साथ किए जा रहे भेदभाव पूर्ण रवैया के खिलाफ यह सामाजिक आंदोलन है। बैठक में जिला प्रभारी प्रो लवन सिंह कंवर, जिला संयोजक आसकरण धुर्वे, अश्वनी कोसरे, अंजोर सिंह सिदार, हूंमचंद अनंत, शिवराम सिंह श्याम, दिनेश बर्वे, गौकरण आनद, मानकुवर धूमकेती, रोहित कुमार धुर्वे, संतोष मरकाम, दिलीप कुमार धुर्वे, पीतांबर धुर्वे, पवन, राममनोहर खुटे, खोजन डिंडोरे, विजय धुर्वे, प्रकाश धुर्वे, जीवन सिंह मरकाम, पंकज धुर्वे, कार्तिक मरकाम, उत्तम सिंह पोर्ते आदि उपस्थित थे।

---

## कृषकों को किया जा रहा निःशुल्क नक्शा, खसरा एवं बी-1 वितरण

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान

- अब किसानों को नक्शा, खसरा, बी-1 के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तरों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ही कृषकों और ग्रामीणों को निःशुल्क नक्शा, खसरा एवं बी-1 जैसे महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों का वितरण प्रारंभ किया गया है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा विगत दिवस में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि कृषकों को उनके ग्राम में ही भूमि संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं ताकि उन्हें तहसील या अन्य कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा मुकेश रावटे के नेतृत्व में इस दिशा में कार्यवाही करते हुए आज ग्राम मरपा में कृषकों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 का निःशुल्क वितरण किया गया।

यह पहल शासन की सरल, सुलभ एवं पारदर्शी सेवा प्रदाय नीति के अनुरूप ग्रामीण कृषकों को त्वरित लाभ प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे द्वारा कृषकों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 की उपयोगिता, स्वामित्व की पुष्टि, ऋण, बीमा एवं योजनाओं से जुड़े कार्यों में इनकी आवश्यकता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एग्री ऐप के माध्यम से कृषक पंजीयन की प्रक्रिया को भी सरलता से समझाते हुए अधिकाधिक कृषकों को डिजिटल पद्धति से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

इस पहल से जिले के कृषकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी एवं राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता व गति आएगी। यह नवाचार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की किसानोन्मुखी सोच एवं प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जो राज्य शासन के जनहितकारी दृष्टिकोण को धरातल पर क्रियान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर, जनपद सदस्य श्रीमती मिथला मिथलेश बंजारे, सरपंच श्रीमती रूप बाई पटेल, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा शैलेश भगत, अतिरिक्त सीईओ चेतन पाण्डेय, ग्राम सचिव, हल्का पटवारी सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**किसानों तक सेवाएं पहुंचाने की पहल**

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की मंशा स्पष्ट है कि राजस्व एवं शासन से संबंधित आवश्यक सेवाएं सीधे ग्रामीणों एवं कृषकों तक पहुंचें, ताकि उन्हें अनावश्यक दौड़-धूप से मुक्ति मिले और शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो। उनका उद्देश्य है कि राजस्व अभिलेख जैसे नक्शा, खसरा एवं बी-1, जो कि किसान की भूमि पर अधिकार, योजनाओं में पात्रता एवं कृषि ऋण आदि में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें बिना शुल्क और बिना कठिनाई के ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराया जाए। इससे न केवल सेवा वितरण में पारदर्शिता आएगी, बल्कि प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास भी सुदृढ़ होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की यह सोच दर्शाती है कि शासन केवल योजनाएं बनाकर ही नहीं रुकता, बल्कि उसकी प्राथमिकता यह भी है कि अंतिम व्यक्ति तक उन योजनाओं की पहुंच सुगम और प्रभावी हो।

---

## सांझा मंच मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को आज सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेशभर के शिक्षकों द्वारा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए बनाये गए शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर जिले के शिक्षक 10 जून को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए एक बार फिर से जुटेंगे। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, परस अंचल एवं के.डी. वैष्णव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण सहित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपने के पहले जिलेभर के शिक्षक प्रातः 11 बजे रानी दुर्गावती चौक कवर्धा के पास एकत्र होंगे, तत्पश्चात 12 बजे कलेक्टोरेट जाकर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से ज्ञापन सौंपने के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आव्हान किया है। जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि चार सूत्रीय मांगों में सेटअप 2008 के विपरीत किये गए युक्तियुक्तकरण को निरस्त करना, हाई कोर्ट के डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के अनुसार प्रदेशभर के शिक्षक एल. बी. संवर्ग के लिए क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का जनरल आर्डर जारी करना, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ देना तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त किया जाना शामिल है।

---

## पंडरिया चिकित्साल में पौधारोपण कर चिकित्सकों ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के औचिक फील्ड निरीक्षण के दौरान पंडरिया एमसीएच में वृक्षारोपण कर सभी को वृक्ष ,पौधा, लगाने का संदेश दिया गया। सीएमएचओ बीएल राज एवं बीएमओ पंडरिया राकेश कुमार प्रेमी के द्वारा पौधा लगाकर पूरे ब्लॉक को संदेश दिया गया है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष, पौधा लगाने का कार्य जरूर करें। साथ ही साथ अपने आसपास सभी जगह को साफ-सफाई रखें प्लास्टिक, पॉलीथिन से मुक्त रखें। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ठाकुर, वरिष्ठ लैब पर्यवेक्षक जेम्स जॉन, डॉ.शैलेन्द्र बसती, विनिष जॉय, मैट्रन कुसुम सप्रे, आशुतोष शर्मा, कैलाश धीरही, विनोद चंद्रवंशी, भगवती पनागर एवं एमसीएच पंडरिया के स्टॉफ गण उपस्थित रहे। साथ ही साथ सीएचसी कुकदुर एवं एसएचसी बघर्रा, सैहामालगी, कामठी, चियाडॉड में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा लगाया गया।

---

**शिखर युवा मंच ने स्थानीय संसाधनों और जनभागीदारी के माध्यम से रचा इतिहास**

## वनों के पुनर्जनन के लिए ग्रामीणों ने किया 25037 सीड बाल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला



शिखर युवा मंच ने जिले के जंगलों को हरा भरा करने और वृहद पैमाने पर प्राकृति ढंग से पौधे उगाने की दिशा में शानदार पहल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के प्रेरणादायी एवं दूरदर्शी नेतृत्व तथा प्रेरक मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत 20 ग्रामों खड़ौदा खुर्द, गांगचुवा, छुईहा, कुरलूपानी, जोकपानी, लब्दा, बोदा, कोमो, मुड़घुसरी (जं.), बांटीपथरा, राली, छुही, जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लीलादादर, धुमाछापर, लरबक्की एवं दुर्जनपुर में एक अभिनव पर्यावरणीय पहल सीड बाल निर्माण कार्यक्रम अभियान 22 मई से 27 मई तक आयोजित किया गया। इस सामूहिक अभियान में महिला समूहों, युवाओं, वन अधिकार समिति, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, ग्राम समुदाय एवं शिखर युवा मंच के टीम की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मिलकर 25037 से अधिक सीड बाल तैयार किए, जिनका उपयोग वर्षा ऋतु में वनों के पुनर्जनन के लिए किया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर लेकिन पर्यावरणीय संकट से जूझ रहे इन गांवों में सीड बाल निर्माण की प्रक्रिया पूरी तरह से स्थानीय संसाधनों जैसे उपजाऊ मिट्टी, देशी गाय के गोबर एवं स्थानीय वृक्ष प्रजातियों जैसे आरकेसिया, गटारण, रेंनट्री, गुलमोहर,प्लसजीवा, काला सिरस, सफेद सिरस, अमलतास, पेल्फान, अनजन आदि पर आधारित रही। इस अभियान को शुभारंभ एक पर्यावरणीय संवाद सत्र से किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सीड बाल की उपयोगिता, निर्माण प्रक्रिया और इसके प्रभावों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने इस अभियान में न केवल भागीदारी निभाई, बल्कि नेतृत्व भी किया। युवाओं ने निर्माण सामग्री के संग्रहण से लेकर संगठनात्मक सहयोग तक सभी जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निभाया। बुजुर्गों और बच्चों की सहभागिता ने इस कार्यक्रम को एक जनांदोलन का रूप दे दिया। अभियान को लेकर संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव न संदेश दिया कि प्रकृति से प्रेम करना केवल एक भावना नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। सीड बाल निर्माण अभियान के माध्यम से ग्रामीणों ने यह सिद्ध कर दिया है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा प्रयास है। हमें गर्व है कि यह अभियान गांव-गांव में चेतना, सहयोग और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। शिखर युवा मंच आने वाले समय में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ पर्यावरण एवं सामाजिक सरोकारों के लिए कार्य करता रहेगा।

---

## संकुल समन्वयक ने ली प्रधानपाठक व शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



संकुल स्त्रोत केंद्र मानिकचौरी में संकुल समन्वयक राजकिरण चंद्रवंशी ने सभी शासकीय व अशासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठको व शिक्षकों की बैठक ली।

जिसमे शाला प्रवेशोत्सव, भवन मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता, यूडाइस में स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन, डेली डायरी ,शाला समय सारणी, पाठ्यक्रम पंजी, शिक्षकों के मध्य कार्य विभाजन, किचन गार्डन की तैयारी, एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत ईको क्लब के माध्यम से पौधारोपण, विद्यालय की साफ सफाई, रंग रोगन व प्रिंट रिच वातावरण, शिक्षा गुणवत्ता, एफएलएन पर फोकस, ऑनलाइन अवकाश, स्टॉप डायरिया कंपैन 2025 का क्रियान्वयन, बच्चो के लिए शुद्ध पेयजल व स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था, रसोई कक्ष की साफ सफाई, लिपाई पुताई, ईंधन व्यवस्था, न्योता भोजन, मध्यान भोजन का संचालन, मध्यान भोजन के लिए चखना पंजी, सत्र प्रारंभ होने के पूर्व, शाला प्रबंधन समिति की बैठक ,मध्यान भोजन ऑनलाइन एंट्री हेतू नए एप्प डाउनलोड करने, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण आदि पर चर्चा की गई।